**राजस्थान सरकार**
**कार्मिक(क–1) विभाग**

क्रमांकः प. 10(4)कार्मिक/क–1/2024 पार्ट–5(14917) जयपुर, दिनांकः यथा ई–हस्ताक्षर

**समस्त अखिल भारतीय सेवा अधिकारी,**
**राजस्थान संवर्ग।**

विषयः– SPARROW और iGOT कर्मयोगी पोर्टल पर ईमेल आईडी अपडेट करने के संबंध में।
संदर्भः– अवर सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन दिनांक 03.03.2026

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत अवर सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली से प्राप्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन की प्रति संलग्न कर लेख है कि अधिकारियों के APAR पर पाठ्यक्रम उपयोग और व्यापक मूल्यांकन स्थिति को अपडेट करने के लिए iGOT कर्मयोगी पोर्टल और SPARROW पोर्टल के बीच API आधारित लिंकेज बनाया गया है इसके लिए दोनों पोर्टल पर समान ईमेल आईडी होना आवश्यक है।

जिन मामलों में डेटा स्वचालित रूप से प्राप्त नहीं होता है, उनके लिए स्पैरो पोर्टल पर एक टेक्स्टबॉक्स विकल्प प्रदान किया गया है, जहां उपयोगकर्ता पाठ्यक्रम पूर्णता और व्यापक मूल्यांकन स्थिति विवरण प्राप्त करने के लिए अपना iGOT ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर दर्ज कर प्राप्त कर अद्यतन कर सकते हैं।

अतः राज्य कैडर के समस्त अखिल भारतीय सेवा अधिकारी iGoT पोर्टल पर अपनी ईमेल आईडी की समीक्षा कर उसे दोनों पोर्टल (iGOT और SPARROW) पर एक ही ईमेल आईडी का उपयोग किया जाना सुनिश्चित करावें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ. धीरज कुमार सिंह)
संयुक्त शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग।
2. डॉ. मंजू विजय, संयुक्त शासन सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग (नोडल अधिकारी, गृह विभाग) को प्रेषित कर लेख है कि कृपया राज्य कैडर के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों से उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।
3. निजी सचिव, महानिदेशक, एचसीएम, रीपा, जे.एल.एन. मार्ग, जयुपर–302017 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
4. निजी सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ), राजस्थान, जयपुर।
5. श्रीमती शैलजा देवल, मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं पदेन राज्य (सिल्वीकल्चरिस्ट), जयपुर (नोडल अधिकारी, वन विभाग) को प्रेषित कर लेख है कि कृपया राज्य कैडर के भारतीय वन सेवा अधिकारियों से उपरोक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

संयुक्त शासन सचिव

Signature Not Verified
Digitally Signed by DHEERAJ KUMAR SINGH
Designation : Joint Secretary To Government
Date :18-03-2026 08:48:19

RajKaj Ref No.: 20948707
eSign DSC